# स्वास्थ्य विभाग

## बिहार सरकार

## राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट (टेन्योर एक वर्षीय) के पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना

**विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health/JR/2024/01 दिनांक- 23.09.2024** **Website: bceceboard.bihar.gov.in**

स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के पत्र संख्या-सं.सं.-17/विविध-01-280/2022-525(17) दिनांक 11.06.2024 के अधियाचना के आलोक में राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के रिक्त पदों (टेन्योर एक वर्षीय) के लिए पैनल निमार्ण हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**2. शैक्षणिक अर्हता:-**

भारतीय चिकित्सा परिषद / राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा मान्यता / अनुमति प्राप्त एम.बी.बी.एस. डिग्री।

**3. आयु सीमा :-**

सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं.-294 दिनांक 07.01.2016 के आलोक में निर्धारित उम्र सीमा की गणना दिनांक 01.08.2024 के आधार पर की जायेगी।

अधिकतम आयु - अनारक्षित (पुरुष)- 37 वर्ष, अनारक्षित (महिला)-40 वर्ष, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (पुरुष एवं महिला)- 40 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (पुरुष एवं महिला)-42 वर्ष ।

कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के पत्रांक-212 दिनांक 23.01.2006 के आलोक में उम्र सीमा में देय छूट लागू नहीं होगी।

दिव्यांग अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 (दस) वर्षों की छूट अनुमान्य होगा।

**4. आरक्षण :-**

टेन्योर के पद पर नियुक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण के अनुसार पैनल तैयार किया जायेगा। आरक्षण श्रेणी के आवेदक सक्षम प्राधिकार से निर्गत जाति प्रमाण-पत्र अवश्य संलग्न करेंगे। आरक्षण का लाभ केवल बिहार राज्य के मूल निवासी को बिहार सरकार के सेवार्थ क्रिमीलेयर रहित का प्रमाण-पत्र समर्पित करने पर ही देय होगा। बिहार सरकार के सेवार्थ क्रिमीलेयर रहित प्रमाण-पत्र समर्पित नहीं करने पर वे अनारक्षित कोटि में माने जाएँगे। महिला / दिव्यांग / स्वतंत्रता सेनानियों के नाती/ नतिनी/ पोता/ पोती को नियमानुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्धारित आरक्षण देय होगा।

5. **पदों की कोटिवार संख्याः**- पदों की विषयवार एवं कोटिवार संख्या जूनियर रेजिडेन्ट की नियुक्ति-2024 की विवरण-पुस्तिका जो पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध है, में देखा जा सकता है। **कुल पदों की संख्या-700 है।**

6. **टेन्योर पद पर नियुक्ति हेतु निर्धारित शर्ते :**
   - i. विवरण-पुस्तिका में वर्णित रिक्ति को इस पैनल से भरा जायेगा।
   - ii. जिन अभ्यर्थियों की डिग्री भारतीय चिकित्सा परिषद / राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा मान्यता / अनुमति प्राप्त एम.बी.बी.एस. डिग्री प्राप्त नहीं है उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।
   - iii. टेन्योर के पद पर नियुक्ति के उपरांत चिकित्सक शिक्षकों को 65000/- (पैंसठ हजार) रुपया प्रतिमाह (मानदेय) अनुमान्य है।

7. पर्षद के **Website: bceceboard.bihar.gov.in** पर जूनियर रेजिडेन्ट की नियुक्ति-2024 की उपलब्ध विवरण पुस्तिका में अभ्यर्थियों के लिए योग्यता / अर्हता से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं आवश्यक निर्देशों को देखा जा सकता है ।

**Online आवेदन हेतु आवश्यक प्रक्रिया :** राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के रिक्त पदों (टेन्योर एक वर्षीय) के लिए पैनल निर्माण में सम्मिलित होने के लिये विवरण-पुस्तिका पर्षद के Website: bceceboard.bihar.gov.in से Download कर प्राप्त कर सकते हैं। **Online आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थी पर्षद के उक्त वेबसाईट पर जा कर "Online Portal of Junior Resident under Health Dept." Link पर Click करने के पश्चात् "Apply for Junior Resident" Link पर Click करें। इसके उपरान्त आवेदन प्रपत्र भरने हेतु जो निर्देश (Instruction) दिखेगा, उसे अभ्यर्थी अच्छी तरह पढ़ एवं समझ लें।**

**i. Step-One (Registration) :**

इस परीक्षा हेतु Registration (निबंधन) के लिए सारी सूचनाएँ (Information) Step-1 के अंतर्गत कम्प्यूटर के स्क्रीन पर दिखने वाले आवेदन प्रपत्र में सही-सही अभ्यर्थी द्वारा भरना होगा। अभ्यर्थी Registration करने के समय यह ध्यान रखें कि वे अपना ही email ID एवं Mobile No. का इस्तेमाल कर रहें हों, क्योंकि Registration से संबंधित सभी सूचनाएं उसी email ID एवं Mobile No. पर भेजा जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा दिये गये Mobile No. एवं email ID को सत्यापित करने हेतु उक्त दोनों पर अलग-अलग सत्यापन कोड (Verification Code) भेजा जाएगा, जिसे अभ्यर्थी द्वारा Registration करने के क्रम में सत्यापन कोड (Verification Code) डालकर सत्यापित करना होगा। Mobile No. एवं email ID के सत्यापन के बाद सफलतापूर्वक Registration हो जाने के उपरांत किसी भी परिस्थिति में Mobile No. एवं email ID का बदलाव नहीं किया जाएगा। सफलतापूर्वक Registration हो जाने के बाद अभ्यर्थी के Registered Mobile No. एवं email ID पर सफलतापूर्वक Registration हो जाने की सूचना प्राप्त होगी। इसके बाद अभ्यर्थी आवेदन को पूर्ण रूप से Online भर कर जमा करने हेतु अपने Account में login करेंगे जिसके लिए वे अपना Registered email ID तथा Regisration के क्रम में दिये गये Password को डालकर "Sign In" बटन पर click करें तथा आगे की प्रक्रिया को पूरा करें। Registration के क्रम में अभ्यर्थी अपने द्वारा दिये गये Password को गोपनीय रखें अन्यथा पर्षद किसी भी तरह की परेशानी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **अभ्यर्थी के द्वारा दिया गया email ID ही उनका User Name होगा।**

**ii. Step-Two (Personal Information) :**

सफलतापूर्वक Registration कर पुनः अपने Account में Login करने के उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर Personal Information से संबंधित required entries पूरी तरह भरें एवं Submit & Continue बटन पर Click करें ।

**iii. Step-Three (Upload Photo & Signature) :**

Personal Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपना उच्च कंट्रास्ट का रंगीन पासपोर्ट साईज फोटों एवं अपना हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर कर कम्प्यूटर स्क्रीन में दिये गये निर्देश के अनुसार Scan कर निर्धारित स्थान पर Upload करें । फोटो Placard के साथ (जिस पर आवेदक

का नाम तथा फोटों खिंचवाने की तिथि अंकित हो) खिंचवाया हुआ ही प्रयोग में लाना आवश्यक है । निर्धारित स्थान पर फोटो एवं हस्ताक्षर Upload करने के बाद Submit & Continue बटन पर Click करें ।

iv. **Step-Four (Educational Information) :**

Scan किया हुआ फोटो एवं हस्ताक्षर Upload करने के बाद अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता सम्बन्धी सूचनाओं (Educational Information) को कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवश्यकतानुसार भर कर Submit & Continue बटन पर Click करें ।

v. **Step-Five (Application Preview) :**

Educational Information भरने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा दी गई सूचनाओं को अच्छी तरह जांच लें । यदि जांच के क्रम में Step-Two, Step-Three एवं Step-Four में दी गयी सूचना गलत पाई जाती है तो अभ्यर्थी अपने उस सूचना को Back to Edit बटन पर Click कर अपने Information को सुधार कर Submit & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा पुनः दिये गये सूचनाएँ Update हो सकें।

भरे गए आवेदन प्रपत्र के Preview में सारी सूचनाएं सही है तो अपना Declaration देकर Confirm & Submit बटन पर Click करें, ताकि अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क जमा कर सकें ।

vi. **Step-Six (Payment of Examination Fee) :**

अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी सारी प्रविष्टियों के Preview को देखकर Submit करने के बाद Proceed to Payment बटन पर Click कर कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवेदन शुल्क भरने के निर्देश के अनुसार Payment की प्रक्रिया को पूरी करें । जमा किये गये आवेदन शुल्क को लौटाया नहीं जायेगा।

आवेदन शुल्क जमा करने की निम्नांकित प्रक्रियाएं हैं ;

**a.** **Online Payment :** अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान Online यथा; क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग अथवा UPI के माध्यम से करना चाहते हैं तो वे कम्प्यूटर स्क्रीन पर दिख रहे Payment Mode को Select कर क्रेडिट कार्ड अथवा डेबिट कार्ड अथवा नेट बैंकिंग अथवा UPI के माध्यम से करें । परीक्षा शुल्क जमा करने पर उसमें लगने वाली अतिरिक्त राशि (Processing Charge) का भुगतान अभ्यर्थी को ही करना पड़ेगा ।

**b.** **उपरोक्त विधियों से आवेदन शुल्क का भुगतान से संबंधित आवश्यक विवरणी निम्नवत् है;**

Unreserved (UR) / EWS / EBC / BC / SC / ST / DQ कोटि के उम्मिदवार के लिए **2250/-** (Two thousand two hundred fifty) रुपये की राशि आवेदन शुल्क के रूप में भुगतान करना होगा ।

vii. **Step-Seven (Download Hard Copy) :** पर्षद द्वारा निर्धारित तिथि एंव समय तक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी अपने द्वारा भरे गये आवेदन प्रपत्र की Hard Copy Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें क्योंकि उसमें आपके द्वारा भरी गई सारी प्रविष्टियाँ एवं पर्षद द्वारा उपलब्ध कराया गया Registration No. होगा, जिसका उपयोग कॉउन्सेलिंग के समय या भविष्य में आपके द्वारा किया जा सकता है।

**नोट :** (a) Download किये गये आवेदन प्रपत्र की Hard Copy को पर्षद कार्यालय में भेजने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रपत्र को कॉउन्सेलिंग के समय पर्षद को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा, इसलिए अभ्यर्थी इस प्रपत्र को सुरक्षित रख लें।

(b) उपरोक्त सारी प्रक्रियाओं को पूरी करने के बाद अन्तिम रूप से Online Application Form Submit करने के बाद Application Form में परिवर्तन / संशोधन का प्रावधान नहीं है।

(c) अभ्यर्थी कृपया नोट कर लें कि Application Form के Submission के बाद इसे न तो Withdraw किया जा सकेगा और न ही जमा किये गये परीक्षा शुल्क को लौटाने का अनुरोध ही स्वीकार किया जायेगा ।

(d) इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिग व्यवधान के लिए पर्षद उत्तरदायी नहीं होगा । अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे ।

8. (i) यदि अभ्यर्थी को Online Application Form भरने के उपरांत पता चलता है कि आवेदन पत्र भरने में कोई सूचना / फोटो / हस्ताक्षर Upload करने में गलती हुई है तो उसे सुधार करने हेतु Edit करने का मौका दिनांक **13.10.2024** एवं **14.10.2024** को दिया जाएगा।

(ii) Online Application Form में सुधार (Edit) केवल वैसे अभ्यर्थी ही कर सकते हैं, जिन्होंने निर्धारित तिथि तक अपना Online Application Form पूर्ण रूप से भर का सफलतापूर्वक आवेदन शुल्क जमा कर दिया हो ।

(iii) अभ्यर्थी अपने Online Application Form में सुधार (Edit) करने हेतु Application के Home Page पर जाकर Sign In button को Click कर अपने email ID एवं Password को डालें एवं Submit बटन पर Click कर अपने Account में Login करें तथा आवश्यक सुधार कर Submit & Continue बटन पर Click करें, ताकि आपके द्वारा Edit किये गए Entries Update हो सके एवं पुनः Edited आवेदन प्रपत्र की Hard Copy Download कर Print निकाल अपने पास सुरक्षित रख लें।

9. <u>जूनियर रेजिडेन्ट की नियुक्ति-2024 से सम्बन्धित महत्त्वपूर्ण तिथियाँ :-</u>

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Starting Date | : **28.09.2024** |
| (ii) | Online Registration Closing Date | : **12.10.2024** (10.00 P.M.) |
| (iii) | Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI and submission of the Online Application Form of Registered Candidate. | : **12.10.2024** (11.59 P.M.) |
| (iv) | Online Editing of Application Form | : **13.10.2024 to 14.10.2024** (11.59 P.M.) |
| (v) | Date of Publishing / Uploading of Counselling Programme with list of subject wise candidates | : **18.10.2024** |
| (vi) | Date of Publishing / Uploading of Final Merit List | : **To be notified later on.** |

10. अपूर्ण रूप से भरा गया Online आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।

11. शैक्षणिक तथा आवासीय अर्हताओं तथा अन्य नियमों / शर्तों के लिए जूनियर रेजिडेन्ट की नियुक्ति-2024 की विवरण-पुस्तिका बी.सी.ई.सी.ई. बोर्ड के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

12. चयनोपरांत पदस्थापन संबंधी विभाग का निर्णय अंतिम होगा। अभ्यर्थियों द्वारा पदस्थापन संबंधी कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

13. कॉउन्सेलिंग हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

14. आवेदन प्राप्ति उपरांत कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार कार्यक्रम की यथासमय सूचना दी जायेगी। कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को बांछित मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा। अभिलेखों की सूची विवरण-पुस्तिका में देखी जा सकती है।

**नोडल पदाधिकारी**